# BHARATI पहल

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

[कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (APEDA)](#) ने भारत के कृषि-खाद्य निर्यात को सशक्त बनाने और स्टार्टअप्स में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिये **BHARATI पहल** की शुरुआत की है।

## BHARATI पहल

- **परिचय: BHARATI (भारत का कृषि प्रौद्योगिकी, लचीलापन, उन्नति और निर्यात सक्षमता हेतु इनक्यूबेशन केंद्र)** का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, भारत के **कृषि-खाद्य स्टार्टअप्स** को सशक्त करना और निर्यात को बढ़ाना है।
- **उद्देश्य: नवाचार और इन्क्यूबेशन के माध्यम से 100 कृषि-खाद्य स्टार्टअप्स को सशक्त बनाना**, ताकि APEDA के वर्ष **2030 तक 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर के कृषि-खाद्य निर्यात** के लक्ष्य को सहयोग मिल सके।
  - इसका उद्देश्य शीघ्र नष्ट होने वाले उत्पादों, गुणवत्ता मानकों, लॉजिस्टिक्स और स्थिरता से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करना भी है।
- **मुख्य विशेषताएँ:**
  - इसका लक्ष्य **उच्च मूल्य वाले कृषि-खाद्य उत्पाद जैसे G-टैग, ऑर्गेनिक, सुपरफूड, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, पशुधन, [AYUSH](#) उत्पाद हैं।**
  - यह **पैकेजिंग, शीघ्र नष्ट होने वाले उत्पादों, स्थिरता और लॉजिस्टिक्स** को संबोधित करते हुए **[AI](#)**, **[ब्लॉकचेन](#)**, **[IoT](#)** तथा एग्री-फिनटेक जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों को भी बढ़ावा देगा।
  - स्टार्टअप्स और नवप्रवर्तकों को जोड़कर उन्हें **3 माह के त्वरित कार्यक्रम (Acceleration programme)** के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता मानकों को पूरा करने में सहायता प्रदान करेगा, ताकि वे **निर्यात-उन्मुख समाधान** तैयार कर सकें।
  - यह पहल भारत सरकार की [आत्मनिर्भर भारत,](#) [वोकल फॉर लोकल](#), [डिजिटल इंडिया](#) **और** [स्टार्ट-अप इंडिया](#) पहलों के साथ संरेखित है।
  - APEDA **इकोसिस्टम** को मज़बूत करने और **वार्षिक मापनीयता** को सक्षम करने के लिये **राज्य बोर्डों, विश्वविद्यालयों, IIT/NIT, उद्योग निकायों तथा त्वरक** के साथ साझेदारी करता है।

## APEDA

- **APEDA**, जिसकी स्थापना **APEDA अधिनियम, 1985** के तहत की गई थी, [वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय](#) के अंतर्गत एक **सांविधिक निकाय** है।
- यह **कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देता और विकसित करता है, साथ ही विपणन, परिवहन तथा मूल्य संवर्धन** में सहयोग प्रदान करता है।

# IMPORTANT INSTITUTION

*ALL YOU NEED TO KNOW*

## APEDA

- The Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority (APEDA) was established by the Government of India under the Agricultural and Processed Food Products Export Development Authority Act, 1985.
- It functions under the Ministry of Commerce and Industry. The Authority has its headquarters in New Delhi.
- APEDA is mandated with the responsibility of export promotion and development of the scheduled products viz. fruits, vegetables and their products; meat and meat products; alcoholic and non-alcoholic beverages; cereal and cereal products; groundnuts, peanuts and walnuts, pickles, floriculture and floriculture products; herbal and medicinal plants etc.
- APEDA has been entrusted with the responsibility to monitor import of sugar.

**और पढ़ें: APEDA और TRIFED**